राजस्थान माध्यमिक शिक्षा परिषद्

RCSE

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक-6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर-302017
दूरभाष: 0141-2700447, E-mail: rcse.ict@gmail.com

क्रमांक : रामाशिप/जय/ICT Lab/ Non Adarsh/F-991/2017/5568 दिनांक: 29/8/2017

जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) एवं
अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक
राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
समस्त जिले।

महत्त्वपूर्ण

विषय :– आदर्श विद्यालयों में आईसीटी लैब स्थापना हेतु प्रस्ताव भिजवाने बाबत्।
संदर्भ :– पत्रांक : रामाशिप/जय/Gen./आधार/2017/4254 दिनांक: 12/07/17

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आई.सी.टी. योजना से अब तक वंचित रहे आदर्श विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब स्थापना हेतु प्रति लैब प्रस्तावित कुल लागत की 25% राशि (75,750 रुपये) जन सहयोग, भामाशाह अथवा विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति द्वारा उपलब्ध करवाई जानी है। **योजना का जिला स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार करें** और आई.सी.टी. योजना से वंचित आदर्श विद्यालयों से अंशदान उपलब्ध करवाने की सहमति निम्न प्रस्तावों सहित प्राप्त करें :–

1. लैब स्थापना हेतु कुल लागत की 25 % राशि (75,750 रुपये) विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के खाते में उपलब्ध है व उक्त अंशदान विद्यालय द्वारा वहन कर लैब स्थापित करवाने का प्रस्ताव पारित कर लिया गया है ।
2. डिजीटल लिटरेसी को बढावा देने व लैब संचालन सुनिश्चित करने हेतु विद्यालय में CLICK (Computer Literacy Initiative for Comprehensive Knowledge) योजना शुरु करने की सहमति विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक में प्राप्त कर ली गई है व लैब स्थापना उपरान्त MoU हस्ताक्षर कर योजना लागू कर दी जावेगी।

समेकित प्रस्ताव राज्य कार्यालय को **30 सितम्बर 2017** तक अवश्यक रुप से भिजवाऐ जावें।

(सुरेश चन्द्र)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक

www.rajteachers.com